भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
कर्पूरी ठाकुर सदन, केंद्रीय कार्यालय परिसर,
'C' विंग, 7वीं मंजिल, आशियाना-दीघा रोड, पटना-800025

ईमेल - nssrcpatna@gmail.com
फो.नं. - 0612-2952934

स.पी.1-1/रा.से.यो. /क्षे. नि./पटना/2025-26/ 6363-6462

दिनांक: 29-10-2025

सेवा में,

कार्यक्रम समन्वयक, रा.से.यो.
सभी विश्वविद्यालय / संस्थान / +2 परिषद,
बिहार एवं झारखण्ड।

विषय: 31 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के संबंध मे।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के संबंध में गृह सचिव और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री के डी.ओ. पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करे । प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी कार्यक्रम समन्वयको से अनुरोध है कि वे इस अवसर को उचित तरीके से मनाने के लिए उचित कार्रवाई करें। कार्यक्रम निम्नप्रकार है -

- संलग्न "राष्ट्रीय एकता दिवस" प्रतिज्ञा (हिंदी और अंग्रेजी संस्करण संलग्न) का उपयोग करते हुए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन।
- स्वयंसेवक, कर्मचारियों और अन्य सभी छात्र छात्राओं की भागीदारी के साथ एकता दौड़ का आयोजन।
- उपयुक्त आउटरीच और सहभागिता पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के संदेश को बढ़ावा देना।
- सभी संस्थाएँ "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना के अनुरूप, इस आयोजन में व्यापक भागीदारी और दृश्यता सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने विश्वविद्यालय के क्षेत्राधीन सभी महाविद्यालयों /+2 विद्यालयों के रा.से.यो. इकाइयों को उक्त कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश देने का कष्ट करे एवं स्वयं आपने विश्वविद्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित करे और MY Bharat पोर्टल पर कार्यक्रम बनाएँ । कार्यक्रम समाप्त होने के बाद फोटो, वीडियो इस कार्यालय को ईमेल व वाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से भेजने का कष्ट करे।

संग्लक: उक्तवत

भवदीय

कृते (विनय कुमार)
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि:
1. कुलपति / निदेशक, बिहार एवं झारखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालय / संस्थान।
2. निदेशक, रा.से.यो. निदेशालय, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
3. निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय, बिहार सरकार, व राज्य रा.से.यो पदाधिकारी, बिहार।
4. निदेशक, खेल-कूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार व राज्य रा.से.यो पदाधिकारी, झारखण्ड।
5. अवर सचिव (रा.से.यो.), भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001